Title: Need to include all families living below poverty line in Vaishali district in Bihar under Targetted Public Distribution System -laid.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): महोदय, बिहार के वैशाली में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों की संख्या एक लाख ८१ हजार है जब कि १ जून, १९९७ से लागू टी.पी.डी.एस. (लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के अंतर्गत एक लाख २७ हजार परिवारों को ही आधा दाम अनाज की सुविधा दी गयी है जिस कारण जिले के ५० पंचायतों मे टी.पी.डी.एस. लागू हुआ ही नहीं । इसके फलस्वरूप ५४ हजार गरीबी रेखा से नीचे के परिवार टी.पी.डी.एस. की सुविधा से वंचित रह गए। केन्द्र के खाद्य मंत्रालय के एक पदाधिकारी ने जिला में जाकर जांच भी की लेकिन अभी तक वंचित परिवारों को योजना में नहीं लिया जा सका।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि कृपा कर ऐसी कार्रवाई शीघ्र की जाए जिससे वैशाली जिला के गरीबी रेखा के नीचे के सभी परिवारों को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की योजना में शामिल कर भूतलक्षी प्रभाव से आधा दाम पर उन्हें अनाज की सुविधा प्रदान की जाए।